मध्य प्रदेश शासन
गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

//आदेश//

भोपाल, दिनांक 24/01/2018

कमांक 213 /298/2018/बी–4/दो, ::– इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 26.10.2017 द्वारा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर, लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से मुख्य सूची से चयनित एवं नियुक्त **श्री आशीष शर्मा, आंग्रे का बाजार जैन भवन के पीछे सीनियर एडवोकेट के.एन0 गुप्ता के पास लश्कर ग्वालियर म.प्र.**, द्वारा, दिनांक 16.11.2017 को कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी, सागर में कार्यभार ग्रहण किया गया। इन्होंने जिला लोक अभियोजन अधिकारी सागर के माध्यम से संचालक, लोक अभियोजन, मध्यप्रदेश को दिनांक 16.01.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर यह लेख किया कि इनका चयन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 परीक्षा के माध्यम से प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2, टीकमगढ़ के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश (ट्रेनी जज) के पद पर हो गया है। गृह विभाग के समसंख्यक नियुक्ति आदेश के अनुसार इन्होनें एक माह का वेतन चालान के माध्यम से शासकीय कोषालय में जमा करा दिया है। अतः दिनांक 16.01.2018 से इनका त्यागपत्र स्वीकृत कर इन्हें पदमुक्त करने की कृपा करे। अन्य कोई देय राशि शेष रहने की स्थिति में सूचना प्राप्त होने पर इनके द्वारा नियमानुसार राशि जमा करा दी जायेगी।

2/– संचालक , लोक अभियोजन, मध्यप्रदेश, के पत्र कमांक/लोक अभि.संचा./स्थापना /325–ए/2018 भोपाल दिनांक 17.01.2018 द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार श्री आशीष शर्मा, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सागर द्वारा त्यागपत्र देने के बाद वसूली योग्य राशि के रूप में शासकीय कोषालय में चालान कमांक 36 दिनांक 16.01.2018 द्वारा राशि रूपये–38,010/– जमा कर दी गई है।

——2——

3/– श्री आशीष शर्मा, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सागर, के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापना हेतु जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 26.10.2017 की कंडिका–6 में निहित प्रावधानों के तहत इन्होनें एक माह का वेतन राशि रूपये 38,010/– (रूपये अडतीस हजार दस केवल) चालान कमांक–36 दिनांक 116.1.2018 द्वारा जमा करा दी है।

4/– अतः राज्य शासन एतद्द्वारा **श्री आशीष शर्मा, आंग्रे का बाजार जैन भवन के पीछे सीनियर एडवोकेट के.एन0 गुप्ता के पास लश्कर ग्वालियर म.प्र.,** का सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद से दिनांक 16.01.2018 से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(श्री दास)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग

पृ. कमांक 214 /298/2018/बी–4/दो, भोपाल दिनांक 24/01/2018

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग।
2. विशेष सहायक, मान.मंत्रीजी, गृह, मध्यप्रदेश शासन।
3. संचालक, लोक अभियोजन भोपाल।
4. महालेखाकार, म.प्र. ग्वालियर ।
5. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर।
6. जिला अभियोजन अधिकारी सागर।
7. संबंधित अधिकारी– **श्री आशीष शर्मा, आंग्रे का बाजार जैन भवन के पीछे सीनियर एडवोकेट के.एन0 गुप्ता के पास लश्कर ग्वालियर म.प्र.,** की ओर अग्रेषित।

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग